Bareilly, Sunday,
20 April 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE:NO. 4: MIDDLE

# इंटर स्कूल फुटबाल मुकाबले में आर्मी स्कूल चैंपियन




चैंपियन टीम ने ट्रॉफ़ के साथ मनाई खुशी.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (19 April):** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल चैंपियन ट्राफी की चैंपियन आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग बनी. विजेता टीम ने 2-0 गोल के अंतर से प्रतिद्वंदी टीम डीपीएस को हराकर चैंपियन ट्राफी अपने नाम की. सांसद छत्रपाल गंगवार, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, बरेली फुटबाल संघ के सचिव मून राबिंसन, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया ने विजेता आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग को चैंपियन ट्राफी और उपविजेता एसआर इंटरनेशनल स्कूल और डीपीएस बरेली को रनरअप ट्राफी प्रदान की. इसी के साथ श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट सीजन- 2 का समापन हो गया. एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट सीजन-2 का फाइनल मुकाबला शनिवार को आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और डीपीएस की टीम के बीच सुबह 9.30 बजे शुरू हुआ.

## विनर्स को दी ट्रॉफी

पहले हाफ तक दोनो टीमें कोई गोल नहीं कर सकी, लेकिन 29वें मिनट में ऋषि यादव ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी. आयुष शर्मा ने 55वें मिनट में गोल कर इस बढ़त को 2-0 कर दिया. रैफरी ने मैच समाप्त होने की सीटी बजाने तक डीपीएस के खिलाड़ी आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग की रक्षा पंक्ति को भेद नहीं पाए, जिससे फाइनल मुकाबला 2-0 से जीत लिया. आर्मी पब्लिक स्कूल के आयुष शर्मा को मैन आफ द मैच की ट्राफी प्रदान की गई. फाइनल मुकाबले में व्यवधान डालने के चलते रेफरी निष्कर्ष सिंह कंडारी, संजय कुशवाहा, प्रमोद पंत और आशू भारती ने डीपीएस के चार खिलाड़ियों को येलो कार्ड दिखाया. इसके अलावा रैफरी आशु भारती, निष्कर्ष सिंह कंडारी, महेश चंद, सीके यादव, प्रमोद पंत, संजय कुशवाहा और क्रिकेट अंपायर मुहम्मद फैजान को सम्मानित किया. इस दौरान गुडलाइफ हास्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति, आयोजन समिति के प्रेसिडेंट डा. प्रभाकर गुप्ता, सचिव डा. सोवन मोहंती, ट्रस्ट एडवाइजर सुभाष मेहरा, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. एमएस बुटोला, सीईटी के डीन एकेडेमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डीन एकेडेमिक्स डा. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर प्लेसमेंट सेल डा. अनुज कुमार, प्रधानाचार्य डा. मोहान कुंवर, फुटबाल कोच राशिद खान, कौशल पाल, विश्वजीत, राहुल श्रीवास्तव, मनीष सिंह, नितिन सक्सेना, शंकरपाल, मुहम्मद यूसुफ अंसारी आदि मौजूद रहे.